# 6 मकान गंगा में समाए

बढ़ते पानी से तटबंधों पर दबाव बढ़ गया है और नवली, सरहरा, बीबीपुर, गौरीडीह, कोरौली, बेलौली, उसरा समेत कई गांवों में तटबंधों के नीचे बोई फसलें डूबने लगी हैं। पतनई और बहादुरपुर के पास बाढ़ का पानी पहुंच गया है, जबकि मधुबन तहसील क्षेत्र के कई गांवों के खेतों में भी पानी भर गया है।

अलर्ट

## बलिया में कार-बाइकें डूबीं, गलियों में चली नाव, 49 जिलों में बारिश का अलर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी/प्रयागराज/वाराणसी। यूपी में गंगा और यमुना समेत 10 से ज्यादा नदियां उफान पर हैं। फर्रुखाबाद में गंगा खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। दो दिन में 6 पक्के मकान नदी में समा गए हैं। बलिया में सरयू नदी की बाढ़ में कार और बाइक डूब गई हैं।

उन्नाव में पांडू नदी का पानी बस्तियों में घुस गया है। गलियों में नावें चल रही हैं। गोंडा में घाघरा नदी के बाढ़ के पानी के साथ मगरमच्छ रिहाइशी इलाके में पहुंच गया। गांव वाले डर की वजह से घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। इधर, मंगलवार तड़के लखनऊ, वाराणसी और प्रयागराज समेत 10 शहरों में हल्की बारिश हुई। लखीमपुर और बरेली में कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। मौसम विभाग ने आज 49 शहरों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-मध्य यूपी में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। साथ ही मानसूनी हवाओं की पट्टी भी यूपी से होकर गुजर रही है। इन दोनों सिस्टमों के असर से नेपाल की सीमा से सटे यूपी के उत्तरी इलाकों में आज बहुत भारी बारिश हो सकती है। अगले 48 घंटों में पूर्वी यूपी के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। इसके बाद मौसम साफ होने के साथ बारिश में काफी कमी आ जाएगी। पहाड़ी इलाकों में तेज बारिश और नेपाल के बैराजों से लगातार पानी छोड़े जाने से मऊ में सरयू नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गौरीशंकर घाट पर रविवार को जलस्तर 70.30 मीटर था, जो सोमवार को 10 सेंटीमीटर बढ़कर 70.40 मीटर पहुंच गया।



बारिश की वजह से यूपी होमगार्ड भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) की तारीख बदल दी गई है। पहले यह 8 सितंबर से होनी थी। अब यह 14 सितंबर से शुरू होगी।

### गोंडा में घाघरा खतरे के निशान से 48 सेमी ऊपर

गोंडा में घाघरा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने से 25 गांवों की करीब 20 हजार आबादी बाढ़ की चपेट में है। मंगलवार सुबह 10 बजे नदी खतरे के निशान से 48 सेंटीमीटर ऊपर बह रही थी। घरों में पानी घुसने से लोग सामान निकालकर नाव, बैलगाड़ी और ट्रॉली के जरिए सुरक्षित स्थानों और रिश्तेदारों के यहां जा रहे हैं। कई परिवार तख्त और चारपाई पर रहने को मजबूर हैं।





### बाराबंकी में सरयू खतरे के निशान से ऊपर दूरसंचार केंद्र नदी में समाया

बाराबंकी में सरयू नदी का रौद्र रूप जारी है। जलस्तर खतरे के निशान से 48 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। बाढ़ और कटान से कई गांवों का संपर्क टूट गया है। हेतमापुर में सुबह करीब साढ़े तीन बजे बंद पड़ा दूरसंचार केंद्र भरभराकर सरयू में समा गया। शिव मंदिर और कई मकान भी कटान के मुहाने पर हैं। हेतमापुर, जमका, खुज्जी, ललपुरवा, कोडरी, बाबापुरवा और डिहुवा समेत कई गांवों में संकट गहरा गया है।

## एक रुपए भी एक्स्ट्रा लिया तो कर्मचारी पर होगी कार्रवाई

### राज्यमंत्री रवीन्द्र जायसवाल बोले- भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं

तमसा संकेत, एजेंसी




बाराबंकी। बाराबंकी में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे बाराबंकी पहुंचे। उन्होंने तहसील नवाबगंज सदर में बने नए उप निबंधक कार्यालय का उद्घाटन किया। नए कार्यालय से क्षेत्र के लोगों को जमीन-जायदाद और संपत्ति के दस्तावेजों के पंजीकरण के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

उद्घाटन के बाद राज्यमंत्री ने निबंधन विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि कोई कर्मचारी या अधिकारी निर्धारित शुल्क से एक रुपया भी अतिरिक्त लेता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री ने कहा, "अगर एक रुपया कोई भी निबंधन विभाग में एक्स्ट्रा पैसा ले ले तो हम लोग उसको सस्पेंड कर देते हैं, टांग देते हैं।" उन्होंने अधिकारियों को आम लोगों को बेहतर, पारदर्शी और बिना परेशानी के सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने शपथ पत्र में इस्तेमाल होने वाले 10 और 20 रुपए के स्टाम्प को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार इस व्यवस्था को आसान बनाने पर विचार कर रही है।

मंत्री के मुताबिक, इस संबंध में कानूनी राय ली जा रही है कि क्या शपथ पत्र के लिए स्टाम्प की जगह सादे कागज का इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को अनावश्यक औपचारिकताओं और खर्च से राहत देना विभाग का उद्देश्य है।

फास्ट न्यूज

### गोरखपुर की महिला सिपाही का फेसबुक पर फोटो-नंबर वायरल

गोरखपुर। गोरखपुर में अपराधियों पर लगाम लगाने वाली पुलिस को भी बदमाश निशाना बनाने लगे हैं। शहर के एक थाने पर तैनात महिला सिपाही का अश्लील फोटो के साथ नंबर फेसबुक पर वायरल किया जा रहा है। इससे थाने में तैनात महिला पुलिसकर्मी के पास डयूटी के दौरान दिनभर अंजान नंबरों से कॉल आ रही है। कॉल करने वाले अश्लील बातें करते हैं।

### गोरखपुर में खोए 1.30 करोड़ के 510 मोबाइल बरामद

गोरखपुर। गोरखपुर में रेलवे यात्रियों के खोए और चोरी हुए मोबाइल बरामद करने में जीआरपी को बड़ी सफलता मिली है। पिछले तीन महीनों में जीआरपी की सर्विलांस सेल और अलग-अलग थानों-चौकियों की टीम ने 510 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनमें 505 एंड्रॉयड फोन और 5 आईफोन शामिल हैं। बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 30 लाख रुपए बताई गई है। मोबाइल की तलाश सिर्फ गोरखपुर या यूपी तक सीमित नहीं रही, बल्कि पुलिस टीम ने दूसरे राज्यों तक पहुंचकर फोन बरामद किए।

### पद्मश्री प्रो. टीके लाहिड़ी की भतीजी ने दोबारा किया मेल

वाराणसी। वाराणसी में पद्मश्री प्रो. टीके लाहिड़ी से आईएमएस बीएचयू के सर सुंदरलाल अस्पताल की आईसीयू में मारपीट के आरोपों का मामला गंभीर होता जा रहा है। प्रो. लाहिड़ी की भतीजी ने आईएमएस बीएचयू के निदेशक समेत कई अधिकारियों को दोबारा ई-मेल भेजकर उनकी सुरक्षा और मेडिकल जांच को लेकर सवाल उठाए हैं।

## 7,500 रुपए स्टाइपेंड पर आयुष छात्रों का प्रदर्शन

### डिप्टी सीएम आवास पहुंचे, बोले- 2011 से नहीं बढ़ा पैसा






तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में मंगलवार को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आवास के बाहर आयुष छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के दर्जनों छात्रों ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर नारेबाजी की।

छात्रों का कहना है कि 2011 से उनके स्टाइपेंड में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। फिलहाल उन्हें हर महीने 7,500 रुपए मिलते हैं। वहीं, उनके साथ पढ़ने वाले एमबीबीएस और बीडीएस डॉक्टरों के स्टाइपेंड में दो बार बढ़ोतरी हो चुकी है।

प्रदर्शन के दौरान यूपीएसएसए-ससी फार्मासिस्ट भर्ती के अभ्यर्थी भी डिप्टी सीएम आवास पहुंचे। उन्होंने 564 पदों पर भर्ती शुरू करने और पदों की संख्या बढ़ाने की मांग की। अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू करने की भी मांग की।

वहीं, सिविल अस्पताल के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने वेतन बढ़ाने समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। अलग-अलग मांगों को लेकर कई प्रदर्शनकारी डिप्टी सीएम आवास पहुंचे। इससे वहां काफी देर तक हलचल रही।

## चीख सुनकर दौड़े परिजन तो छोड़कर भागा, बहराइच में नल पर पानी पीने गया था

# मां के सामने बच्चे को उठा ले गया तेंदुआ, हुई मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

बहराइच । बहराइच में तेंदुआ मां के सामने 9 साल के बच्चे को उठा ले गया। शोर मचाने पर परिजन और ग्रामीणों ने लाठी-डंडा लेकर पीछा किया। तेंदुआ, बच्चे को छोड़कर भाग गया। बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बच्चा घर के बाहर लगे नल से पानी भर रहा था। इसी दौरान तेंदुए ने उस पर हमला किया। बच्चे की गर्दन पर तेंदुए के दांत के गहरे निशान हैं। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस और वन विभाग को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।




वहीं, डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने बताया कि मृतक की मां को 10 हजार की सहायता दी गई है। मामला जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर कतर्नियां वन्यजीव प्रभाग के सुजौली इलाके का है। सुशीला अपने बच्चों के साथ सुजौली गांव में रहती है। पति राजू की 5 साल पहले मौत हो गई थी। सुशीला ने बताया कि बेटा राजवीर (9) सोमवार रात 10 बजे घर के पास नल पर पानी भरने गया था। इसी दौरान तेंदुए ने हमला कर दिया। राजवीर की चीख सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। शोर मचाकर तेंदुए को घेरने की कोशिश की तो वह राजवीर को छोड़कर जंगल में भाग गया। तेंदुए के हमले में राजवीर गंभीर रूप से घायल हो गया था। गांव के ही लोग घायल बच्चे को सीएचसी लेकर गए। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

ग्रामीणों के मुताबिक, घटना की सूचना वन विभाग को देने के लिए भी लगातार फोन मिलाया गया, लेकिन रेंज कार्यालय से संपर्क नहीं हो पाया। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में पहले भी वन्यजीवों की आवाजाही होती रही है। बच्चे की मौत के बाद लोग रात में घर से बाहर निकलने से भी डर रहे हैं।

### बाढ़ के कारण जंगह के बाहर आ रहे वन्यजीव

वन अधिकारियों का कहना है कि इस वक्त बारिश और बाढ़ से जंगल का काफी हिस्सा प्रभावित है। इस वजह से तेंदुए, बाघ और अन्य वन्यजीव जंगली क्षेत्रों से बाहर निकल रहे हैं। वन अधिकारी अपूर्व दीक्षित ने बताया कि घटनास्थल के पास तेंदुए के पगमार्क मिले हैं। इलाके में कैमरा लगाए जा रहे हैं। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और रात में अकेले बाहर नहीं निकलने की अपील की है।



बेटे की मौत के बाद मां का रो-रोकर बुरा हाल है। वह बेसुध हो जा रही हैं।

राजवीर के अलावा सुशीला के 4 बच्चे और हैं। इनमें काजल (14), नंदनी (11), आर्यन (7) और निर्भया (5) है। राजवीर तीसरे नंबर था। वह क्लास 3 में पढ़ता था। गांव से जंगल की दूरी करीब 3 से 4 किलोमीटर है।

# 4 करोड़ की निर्माणाधीन टंकी नदी में समाई

## बरेली में 4 सेकेंड में ढही, 4 दिन पहले बाउंड्रीवॉल बही थी, एसडीएम मौके पर पहुंचीं

तमसा संकेत, एजेंसी

बरेली। यूपी के बरेली में 4 करोड़ रुपए की निर्माणाधीन पानी की टंकी किच्छा नदी में समा गई। मंगलवार सुबह नदी में तेज बहाव के चलते कटान तेजी से हुआ। टंकी हिलने लगी और देखते ही देखते 4 सेकेंड में नदी में ढह गई।

4 दिन पहले ही इसकी बाउंड्रीवाल बह गई थी। जानकारी मिलते ही एसडीएम निधि मौके पर पहुंचीं और अफसरों और ग्रामीणों से जानकारी ली। जल जीवन मिशन के तहत 2023 से टंकी का निर्माण चल रहा था। इसका ढांचा तैयार हो चुका था, जबकि टंकी लगाने का काम बाकी था। पाइपलाइन भी बिछाई जा चुकी थी। मामला जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर शेरगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत बैरमनगर का है।

ग्राम प्रधान ने बताया- हमने अफसरों से कहा था कि कटान रोकने के लिए पिचिंग (कटान रोकने के लिए सुरक्षा परत) नहीं कराई गई तो टंकी भी बह जाएगी, लेकिन अफसरों ने हमारी बात नहीं सुनी। आज आखिरकार टंकी बह गई। समय रहते काम कराया जाता तो शायद टंकी बच सकती थी। ग्रामीणों का कहना है कि नदी का रुख पिछले दो-तीन साल से लगातार बदल रहा था और कटान टंकी की तरफ बढ़ रहा था। ऐसे में टंकी ऐसी जगह बनानी चाहिए थी, जहां कटान का खतरा न हो, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। ग्रामीणों की मांग है कि नई जगह पर टंकी का निर्माण जल्द शुरू कराया जाए, ताकि लोगों को शुद्ध पानी मिल सके।



मंगलवार सुबह नदी का तेज बहाव होने से कटान तेजी से होने लगा।

### एक हफ्ते में 100 मीटर नदी ने किया कटान

टंकी का फाउंडेशन, परिसर, कमरा और गेट का काम हो चुका था। गांव के 70% घरों में पानी की टोंटियां लगाई जा चुकी हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, टंकी बनाने से पहले इंजीनियरों ने सर्वे किया था, लेकिन उन्होंने नदी के कटान का ध्यान नहीं दिया। ग्राम प्रधान शमशुल खां ने कहा- एक हफ्ते पहले नदी टंकी से 100 मीटर दूर थी। लेकिन कटान इतनी तेजी से हुआ कि 4 दिन पहले टंकी की बाउंड्रीवाल नदी में समा गई। इसके बाद अफसर मौके पर पहुंचे और सोलर पैनल, डीजी, स्कॉडा व जनरेटर समेत जरूरी सामान सुरक्षित कराया।



टंकी गिरने की सूचना पर एसडीएम निधि मौके पर पहुंचीं। उन्होंने अफसरों और ग्रामीणों से टंकी बहने के बारे में जानकारी ली।

ग्राम प्रधान ने कहा- जब टंकी के लिए जमीन चुनी गई थी, तब किच्छा नदी करीब 500 मीटर दूर थी। पिछले दो-तीन साल में लगातार कटान के कारण नदी धीरे-धीरे टंकी के करीब आती गई। अभी नदी उफान पर है और तेजी से कटान हो रहा है।

## गोरखपुर में सीमेंट से लदी मालगाड़ी पटरी से उतरी

### यार्ड में मची अफरातफरी 7 घंटे बाद रवाना हुई

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर । गोरखपुर जंक्शन पर सोमवार की देर रात सीमेंट से लदी मालगाड़ी पटरी से उतर गई। यह घटना जंक्शन के लाइन नंबर 8 के पश्चिमी यार्ड में करीब 1 बजे हुआ। देर रात मालगाड़ी की तीन बोगियां अचानक पटरी से उतर जाने से मौके पर मौजूद रेलवे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद रेलवे की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का काम शुरू किया।

बताया गया कि यह मालगाड़ी मध्यप्रदेश से बिहार के नारायणपुर अनंत रेलवे स्टेशन जा रही थी। मालगाड़ी में सीमेंट की बोरियां लदी हुई थीं। इसी दौरान गोरखपुर जंक्शन के पश्चिमी यार्ड में इसकी



तीन बोगियां पटरी से नीचे उतर गईं।

हादसे के बाद रेलवे कर्मचारियों ने सबसे पहले पटरी से उतरी बोगियों को मालगाड़ी से अलग करने की कार्रवाई शुरू की, ताकि बाकी मालगाड़ी को सुरक्षित तरीके से आगे भेजा जा सके।

रेलवे प्रशासन की टीम ने कई घंटे की कार्रवाई के बाद मंगलवार की सुबह करीब 8:10 बजे पटरी से उतरी तीनों बोगियों को हटाया। इसके बाद मालगाड़ी को रीरेल कर आगे के लिए रवाना कर दिया गया।

रेलवे की ओर से घटना के बाद मौके पर जरूरी जांच और तकनीकी कार्रवाई भी की गई।

सुनवाई : इलाहाबाद हाईकोर्ट बोला- 'जय श्रीराम' जैसे धार्मिक नारों से तुलना नहीं

# 'सर तन से जुदा' उकसाने वाला नारा

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि 'गुस्ताख-ए-नबी की एक ही सजा, सर तन से जुदा' जैसा नारा देश के कानून और उसकी एकता को खुली चुनौती देता है। यह नारा लोगों को हिंसा और देश के खिलाफ उकसाने वाला है।

हाईकोर्ट के जज जस्टिस आशुतोष श्रीवास्तव ने कहा-इस नारे की तुलना 'जय श्रीराम', 'हर हर महादेव', 'सत श्री अकाल' या 'अल्लाहु-अकबर' जैसे धार्मिक नारों से नहीं की जा सकती। इसके साथ ही कोर्ट ने मौलाना तौकीर रजा खान और उनके करीबी डॉ. नफीस खान की जमानत याचिका खारिज कर दी। तौकीर रजा बरेली में 26 सितंबर 2025 को हुए दंगों के मामले में आरोपी है। 27 सितंबर, 2025 से जेल में बंद है। पुलिस ने तौकीर को दंगे का मास्टरमाइंड बताया है, जबकि तौकीर का कहना है कि उसे सियासी षड्यंत्र के तहत फंसाया गया।




राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने पक्ष रखा। कहा- 19 सितंबर, 2025 को बैठक कर आरोपियों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से इस्लामिया इंटर कॉलेज के मैदान में जुटने की अपील की। कथित अत्याचारों और झूठे मुकदमों के विरोध में प्रदर्शन करने की अपील की। इसके बाद स्थानीय प्रशासन ने बीएनए-सएस की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर सार्वजनिक स्थानों पर पांच या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी। इसके बावजूद 200-250 लोग इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान की ओर बढ़े। पुलिस ने जब इस भीड़ को रोकने का प्रयास किया, तो कथित तौर पर नारेबाजी, पथराव और पेट्रोल बम से हमला किया गया। इस घटना में कई पुलिसकर्मी घायल हुए। घटना के बाद मुख्य आरोपी ने सह-आरोपियों के जरिए एक वीडियो जारी किया, जिसमें उसने लोगों को धन्यवाद दिया और उनकी सराहना की।

### तौकीर के वकील बोले- राजनीतिक रंजिश की वजह से फंसाया जा रहा है

तौकीर रजा के वकील ने कोर्ट में दलील दी कि मौलाना निर्दोष है। राजनीतिक रंजिश की वजह से उसे फंसाया जा रहा। उसने कभी भी किसी हिंसा का कोई आह्वान नहीं किया था। न ही वह घटना के समय मौके पर मौजूद था। 26 सितंबर को उसे घर में ही नजरबंद कर दिया गया था। वकील ने तर्क दिया कि तौकीर ने न तो कोई भाषण दिया और न ही ऐसी कोई अपील की, जिसे हिंसा, अव्यवस्था या सार्वजनिक शांति भंग करने के लिए उकसाने वाला माना जा सके। इसके अलावा, प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने और धारा 163 लागू होने के बाद विरोध-प्रदर्शन का आह्वान वापस ले लिया गया था।



तस्वीर 26 सितंबर 2025 की है। नमाज पढ़ने के बाद भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया था।

# जागरण में दिखीं भगवान श्रीकृष्ण राधारानी, मनमोहक झांकियां

### भजनों और जयकारों से गूंजता रहा नंदऊपारा, भोर तक भक्ति में झूमते रहे श्रद्धालु

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। ब्लॉक सूरतगंज क्षेत्र के नंदऊपारा गांव में सोमवार शाम रामकुमार मिश्र के आवास पर आयोजित भव्य धार्मिक जागरण श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के बीच मंगलवार की भोर तक चलता रहा। जागरण में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भक्ति कार्यक्रम का आनंद लिया। देर रात तक चले कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण भगवान भोलेनाथ, मातारानी और अन्य देवी-देवताओं के जयकारों से गूंजता रहा।

जागरण कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना और देवी-देवताओं के स्मरण के साथ हुई। इसके बाद भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक माता रानी के भक्ति गीत प्रस्तुत किए। भजनों की मधुर धुन पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। कार्यक्रम में माता रानी के भजनों के साथ भगवान श्रीकृष्ण, राधारानी, देवाधिदेव महादेव और संकटमोचन हनुमान जी के भक्ति गीतों की भी शानदार प्रस्तुतियां हुईं।





जागरण की विशेष आकर्षण विभिन्न धार्मिक झांकियां रहीं। कलाकारों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण-राधारानी, ग्वाल-बाल, शिव-पार्वती और नवदुर्गा की नयनाभिराम झांकियां प्रस्तुत की गईं। आकर्षक वेशभूषा, साज-सज्जा और मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। झांकियों के दौरान पूरा पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु मोबाइल से इन मनमोहक झांकियों के वीडियो और तस्वीरें भी बनाते नजर आए। मंगलवार की भोर तक चले जागरण में श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। रात बढ़ने के साथ भक्ति का रंग और गहरा होता गया। श्रद्धालु माता रानी और भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए भजनों पर झूमते रहे।

### अदालत ने लगाया 26 हजार रुपये का जुर्माना, आधी राशि पीड़िता को मुआवजे के रूप में देने का आदेश

# युवती से दुराचार के दोषी को 10 साल की कठोर सजा

**सजा**

- नशीला पदार्थ देकर दुराचार का आरोप
- आधे दर्जन से अधिक गवाहों के बयान
- बृजेश कोर्ट में नहीं पहुंचा, वारंट जारी



बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में युवती से दुराचार के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश परविन्द कुमार की अदालत ने दोषी कुलदीप को 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 26 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की 50 प्रतिशत राशि पीड़िता को मुआवजे के रूप में देने का आदेश दिया गया है। पुलिस के अनुसार, 10 फरवरी 2022 को गणेसर के पूरवा मंगुराडिला निवासी बृजेश उर्फ विजय ने युवती को अपनी बहन कंचन के घर बुलाया था। आरोप है कि वहां कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर युवती से दुराचार किया गया। इस दौरान उसका अश्लील वीडियो भी बनाया गया। दो सितंबर की सुनवाई में बृजेश उर्फ विजय अदालत में उपस्थित नहीं हुआ। इस पर अदालत ने उसके खिलाफ वारंट जारी करने का आदेश दिया। साथ ही उसके जमानतदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। मुख्य आरोपी कुलदीप को हिरासत में लेकर सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए सात सितंबर की तारीख तय की गई थी।

**मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी क्रिमिनल दिलीप कुमार सिंह ने आधे दर्जन से अधिक गवाहों के बयान अदालत में दर्ज कराए। अभियोजन ने दोषी को कड़ी सजा देने की मांग की। बचाव पक्ष ने भी अपनी दलीलें रखीं।**

### वीडियो दिखाकर खंडहर में ले जाने का आरोप

पुलिस के मुताबिक, नवंबर 2022 में अशरफ मझगवां निवासी कुलदीप ने कथित तौर पर वही वीडियो युवती को दिखाया। इसके बाद उसे घर के पीछे स्थित खंडहर में ले जाकर दुराचार किया गया। आरोप था कि शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुराचार किया गया। बाद में बृजेश ने शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता ने आत्महत्या करने की धमकी दी तो आरोप के मुताबिक उसे अकबरपुर ले जाकर गर्भपात कराया गया। मामले में दोनों आरोपियों पर पीड़िता के माता-पिता को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया था।

### दोनों पक्षों को सुनने के बाद सुनाई सजा

सोमवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। इसके बाद कुलदीप को दोषी ठहराते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। उस पर 26 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

अदालत ने जुर्माने की आधी राशि पीड़िता को मुआवजे के रूप में देने का आदेश दिया है।

# 60 पार महिलाओं के लिए रोडवेज में अब किराया शून्य

### एक सप्ताह में 220 से ज्यादा महिलाओं ने किया मुफ्त सफर

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जिले की 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए रोडवेज का सफर अब मुफ्त हो गया है। अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना के तहत शुरू हुई इस सुविधा का एक सप्ताह में ही 220 से अधिक महिलाएं लाभ उठा चुकी हैं।

अकबरपुर डिपो की 94 बसों में योजना लागू की गई है। इन बसों से दिल्ली, लखनऊ, आजमगढ़, मऊ, गोरखपुर और प्रयागराज समेत कई प्रमुख मार्गों पर सफर करने वाली पात्र महिलाओं से किराया नहीं लिया जा रहा है।

योजना का लाभ लेने के लिए यात्रा के दौरान महिलाओं को आधार कार्ड दिखाना होगा। आधार में दर्ज जन्मतिथि के आधार पर उम्र की पुष्टि की जाएगी। 60 वर्ष या इससे अधिक उम्र होने पर महिला को बस का टिकट नहीं लेना होगा। स्टेशन इंचार्ज लक्ष्मी सिंह ने बताया कि फिलहाल आधार कार्ड में दर्ज उम्र के आधार पर ही पात्रता तय की जा रही है। पात्रता पूरी होने पर महिला को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जा रही है।

फिलहाल योजना के तहत स्मार्ट कार्ड बनने शुरू नहीं हुए हैं। परिवहन विभाग की ओर से जल्द स्मार्ट कार्ड की सुविधा शुरू किए जाने की उम्मीद है। इसके बाद पात्र महिलाओं की पहचान और यात्रा की प्रक्रिया और आसान हो सकेगी। अकबरपुर डिपो की बसों से लंबी दूरी के कई प्रमुख मार्ग जुड़े हैं। इनमें दिल्ली, लखनऊ, आजमगढ़, मऊ, गोरखपुर और प्रयागराज शामिल हैं। इन मार्गों पर यात्रा करने वाली 60 वर्ष से अधिक उम्र की पात्र महिलाएं योजना के तहत मुफ्त सफर कर रही हैं। एक सप्ताह में 220 से अधिक महिलाओं के लाभ लेने से साफ है कि योजना शुरू होने के बाद बुजुर्ग महिला यात्रियों ने इसका इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।

**फास्ट न्यूज**

### सड़क किनारे मिले संदिग्ध अवशेष

अंबेडकरनगर। जलालपुर क्षेत्र के नवानगर गांव के पास मंगलवार को सड़क किनारे संदिग्ध अवशेष मिलने से हलचल मच गई। मैनपुर गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर अवशेष पड़े होने की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलने पर जलालपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पशु चिकित्सा विभाग को इसकी जानकारी दी।

### स्कूल से लापता दो नाबालिग दोस्त लखनऊ से सकुशल बरामद

अंबेडकरनगर। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में स्कूल से लापता हुए दो नाबालिग दोस्तों को पुलिस ने कुछ ही घंटों में लखनऊ से सकुशल बरामद कर लिया। दोनों किशोर एक ही स्कूल में पढ़ते हैं। सोमवार शाम स्कूल से निकलने के बाद दोनों घर नहीं पहुंचे थे। मामला हाशिमगढ़ क्षितुनी स्थित आरकेएन पब्लिक स्कूल का है। जगन्नाथपुर भारीडीहा निवासी विजय कुमार वर्मा ने सोमवार रात करीब 9:42 बजे पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनका 16 वर्षीय बेटा सूर्यांश वर्मा और उसका 15 वर्षीय दोस्त अनमोल राना स्कूल से लापता हो गए हैं।

### चार महीने से पंचायतों में विकास ठप

अंबेडकरनगर। ग्राम पंचायतों में विकास कार्य ठप होने और निर्वाचित प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद बनी स्थिति को लेकर अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने सोमवार को विरोध जताया। जिलाध्यक्ष राजबहादुर यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रधान कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को आठ सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रधानों ने कहा कि पंचायतों में विकास कार्यों की रफ्तार रुकने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## कम बिजली खपत के बावजूद बढ़ रहा बिजली बिल, उपभोक्ता परेशान

### तुरसमपुर में मीटर रीडिंग न होने की शिकायत

तमसा संकेत, संवाददाता



- अगस्त में 198 रुपये से सितंबर में 394 हुआ बिल

अंबेडकरनगर। औझीपुर उपकेंद्र से जुड़े तुरसमपुर गांव में बिजली बिल को लेकर उपभोक्ता परेशान हैं। कम बिजली खपत के बावजूद बिल बढ़ने की शिकायत सामने आई है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि मीटर रीडिंग नियमित रूप से नहीं ली जा रही है। शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ।

तुरसमपुर निवासी शर्मिला देवी ने बताया कि अगस्त में उनका बिजली बिल 198 रुपये था। सितंबर में यह बढ़कर 394 रुपये हो गया। उनका कहना है कि मीटर रीडर नियमित रूप से घर पर रीडिंग लेने नहीं आते हैं। शर्मिला देवी के मुताबिक, करीब तीन महीने पहले मीटर रीडर एक बार रीडिंग लेने आए थे। इसके बाद कोई रीडिंग नहीं ली गई। उन्होंने उपकेंद्र पर शिकायत भी की, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। गांव के ही कमलेश कुमार ने बताया कि जून में उन्हें 3198 रुपये का बिजली बिल मिला था। सितंबर में बिल बढ़कर 3464 रुपये हो गया। पिछले बिल की तुलना में सितंबर में 266 रुपये अधिक बिल आया। कमलेश कुमार का कहना है कि बिल लगातार बढ़ रहा है, लेकिन उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं हो रही है। मामले में एसडीओ कुमार अनिकेत ने कहा कि शिकायत की जांच कराई जाएगी। जांच के आधार पर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# गोंड समाज की समस्याओं को लेकर मंत्री ओपी राजभर से मिले प्रतिनिधि

### शासनादेश के बावजूद दिक्कतों का आरोप, शिक्षा और प्रमाण पत्र से जुड़ी समस्याएं उठाईं

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। आलापुर में गोंड समाज के प्रतिनिधियों ने कैबिनेट मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री ओपी राजभर से मुलाकात कर समाज से जुड़ी समस्याएं उठाईं। प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि शासनादेश के बावजूद अधिकारी और कर्मचारी गोंड समाज के लोगों के मामलों में लापरवाही बरत रहे हैं।

प्रतिनिधियों ने बताया कि शिक्षा, प्रमाण पत्र और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में समाज के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। उन्होंने सरकार की ओर से तय अधिकार और सुविधाएं समय पर दिलाने की मांग की।

प्रतिनिधियों ने कहा कि गोंड समाज के लोगों को उनके अधिकारों का लाभ तय प्रक्रिया के अनुसार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासनादेश होने के बाद भी किसी स्तर पर लापरवाही या भेदभाव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

महारानी दुर्गावती सेवा सदन धर्मार्थ ट्रस्ट के संस्थापक एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी रामू गोंड ने मंत्री को महारानी दुर्गावती का स्मृति चिह्न भेंट किया। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह गोंड ने भगवान बिरसा मुंडा और महारानी दुर्गावती का स्मृति चिह्न देकर उनका स्वागत किया। मंत्री ओपी राजभर ने प्रतिनिधियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि गोंड समाज के हक, सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई में वह साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने समाज से अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने की बात कही।

मुलाकात के बाद चोरमारा हाईवे पर गोंड समाज के लोगों ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

## मछली दुकानदारों को दो महीने की राहत बाजिदपुर में बनेगी स्थायी मंडी

तमसा संकेत, संवाददाता



- मंगुराडिला के पास अस्थायी बाजार लगाने पर बनी सहमति, नगर पालिका ने तय की जगह

अंबेडकरनगर। जलालपुर नगर में मछली की दुकान लगाने वाले कारोबारियों की जगह को लेकर चल रही समस्या फिलहाल टल गई है। नगर पालिका परिषद ने मंगुराडिला के पास अस्थायी मछली मंडी के लिए जगह तय कर दी है। यहां दुकानदार दो महीने तक कारोबार कर सकेंगे।

नगर पालिका के फैसले के बाद मछली दुकानदार अस्थायी मंडी में दुकानें लगाने के लिए तैयार हो गए हैं। अब उनकी नजर बाजिदपुर के पास प्रस्तावित स्थायी मछली मंडी पर है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि मंगुराडिला के पास अस्थायी व्यवस्था दो महीने के लिए की गई है। इस अवधि में स्थायी मंडी तैयार करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। स्थायी मछली मंडी के लिए बाजिदपुर के पास जमीन चिन्हित की जा चुकी है। नगर पालिका की ओर से वहां जरूरी निर्माण कराया जाएगा। निर्माण पूरा होने के बाद मछली कारोबारियों को दुकानें उपलब्ध कराई जाएंगी।

अस्थायी मंडी में जाने पर सहमति जताने वाले दुकानदारों ने स्थायी मंडी का काम तय समय में पूरा करने की मांग की है। उनका कहना है कि बार-बार जगह बदलने से कारोबार प्रभावित होता है।

दुकानदारों को भरोसा दिलाया गया है कि दो महीने की अस्थायी व्यवस्था के बाद बाजिदपुर में स्थायी मंडी के लिए जगह दी जाएगी।

### प्रदेश महामंत्री के जनपद आगमन पर जगह-जगह हुआ स्वागत

# सेवा संकल्प अभियान से हर वर्ग तक पहुंचें कार्यकर्ता : दिलीप पटेल

- अटल भवन में आयोजित जिला कार्यशाला में सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने पर जोर

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र प्रभारी दिलीप पटेल के सोमवार को जनपद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 161 किमी से भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन तक जगह-जगह स्वागत किया। फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ताओं ने पार्टी के नारों के बीच उनका अभिनंदन किया। उनके साथ नवनियुक्त भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अंकित सिंह चंदेल का भी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद अटल भवन में भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव की अध्यक्षता में सेवा संकल्प अभियान की जिला कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि दिलीप पटेल ने कहा कि भाजपा संगठन की पहचान केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है। सेवा, समर्पण और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना संगठन के कार्यों का आधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा संकल्प अभियान के तहत समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क बढ़ाने और सेवा कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने को कहा। साथ ही सरकार की योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने और जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सेवा कार्यों से संगठन का जनसंपर्क मजबूत होता है। कार्यशाला और स्वागत कार्यक्रम में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, विधायक धर्मराज निषाद, पूर्व सांसद रितेश पांडेय, जिला पंचायत प्रशासक श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, राम प्रकाश यादव, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमा शंकर सिंह, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, संजू देवी, अनीता कमल, चेयरमैन चंद्र प्रकाश वर्मा, ब्लॉक प्रमुख अनिल वर्मा, आनंद वर्मा, डॉ. राना रणधीर सिंह, मनोज मिश्र, सुमन पांडेय, पंकज वर्मा, विकास मोदनवाल, विवेक मौर्य समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कार्यकर्ताओं से अभियान में जुटने का आह्वान

भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव ने प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ जुटने का आह्वान किया। संचालन जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव ने किया।

# 12 दिन बाद भी जया पाण्डेय का सुराग नहीं एसडीआरएफ अभियान भी रहा बेनतीजा

### पिता ने विशेषज्ञ टीम से दोबारा खोज कराने की मांग की

तमसा संकेत, संवाददाता



आलापुर, अंबेडकरनगर। सरयू नदी में लापता जोगीपुर बहिगवां ग्राम पंचायत निवासी जया पाण्डेय का 12वें दिन भी कोई सुराग नहीं मिला। SDRF की 11 सदस्यीय टीम ने नदी के संभावित स्थानों पर तलाश अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। लगातार 12 दिन बाद भी जया के बारे में स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आने से परिजन अब प्रशासन से आगे भी तलाश जारी रखने की मांग कर रहे हैं। परिवार का कहना है कि नदी के अलावा अन्य संभावित पहलुओं की भी जांच की जानी चाहिए। जया की तलाश के लिए SDRF टीम ने सरयू नदी के कई संभावित हिस्सों में खोज अभियान चलाया। टीम ने अलग-अलग स्थानों पर तलाश की, लेकिन जया का पता नहीं चल सका। अभियान समाप्त होने के बाद अब परिजन प्रशासन की अगली कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। परिवार ने जरूरत पड़ने पर आधुनिक उपकरणों से लैस विशेषज्ञ रेस्क्यू टीम को दोबारा बुलाने की मांग की है। जया के 12 दिन से लापता होने के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि, इन चर्चाओं की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। परिजनों का कहना है कि अटकलों के बजाय उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर हर संभावित पहलू की जांच की जानी चाहिए। परिजनों की ओर से घर से लेकर चहोड़ा घाट तक उपलब्ध CCTV फुटेज की जांच कराने की मांग की गई है।

### पिता ने फिर उठाई विशेषज्ञ टीम से तलाश की मांग

जया के पिता शैलेश पाण्डेय लगातार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक बेटी के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं मिलती, तब तक तलाश पूरी तरह बंद नहीं होनी चाहिए।

परिजनों ने सरयू नदी के साथ नदी किनारे, घाटों और अन्य संभावित स्थानों पर भी सघन तलाशी कराने की मांग की है।

## 60 पार महिलाओं के लिए रोडवेज में अब किराया शून्य

### अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना ने पकड़ी रफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जिले की 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए रोडवेज का सफर अब मुफ्त हो गया है। अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना के तहत शुरू हुई इस सुविधा का एक सप्ताह में ही 220 से अधिक महिलाएं लाभ उठा चुकी हैं।

अकबरपुर डिपो की 94 बसों में योजना लागू की गई है। इन बसों से दिल्ली, लखनऊ, आजमगढ़, मऊ, गोरखपुर और प्रयागराज समेत कई प्रमुख मार्गों पर सफर करने वाली पात्र महिलाओं से किराया नहीं लिया जा रहा है। योजना का लाभ लेने के लिए यात्रा के दौरान महिलाओं को आधार कार्ड दिखाना होगा। आधार में दर्ज जन्मतिथि के आधार पर उम्र की पुष्टि की जाएगी। 60 वर्ष या इससे अधिक उम्र होने पर महिला को बस का टिकट नहीं लेना होगा। स्टेशन इंचार्ज लक्ष्मी सिंह ने बताया कि फिलहाल आधार कार्ड में दर्ज उम्र के आधार पर ही पात्रता तय की जा रही है। पात्रता पूरी होने पर महिला को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जा रही है। फिलहाल योजना के तहत स्मार्ट कार्ड बनने शुरू नहीं हुए हैं। परिवहन विभाग की ओर से जल्द स्मार्ट कार्ड की सुविधा शुरू किए जाने की उम्मीद है। इसके बाद पात्र महिलाओं की पहचान और यात्रा की प्रक्रिया और आसान हो सकेगी। अकबरपुर डिपो की बसों से लंबी दूरी के कई प्रमुख मार्ग जुड़े हैं। इनमें दिल्ली, लखनऊ, आजमगढ़, मऊ, गोरखपुर और प्रयागराज शामिल हैं। इन मार्गों पर यात्रा करने वाली 60 वर्ष से अधिक उम्र की पात्र महिलाएं योजना के तहत मुफ्त सफर कर रही हैं।

### जांच : अस्पताल की फाइल और पोर्टल पर दर्ज क्लेम का होगा मिलान

# आयुष्मान के क्लेम का खुलेगा राज

- लाभार्थियों से सीधे पूछे जाएंगे सवाल
- अस्पताल की फाइल और पोर्टल पर दर्ज क्लेम का होगा मिलान
- कथित फर्जीवाड़े की शिकायत के तीसरे दिन भी एफआईआर नहीं पूछताछ के बाद आरोपी बताए जा रहे अमिनुद्दीन को छोड़ा

तमसा संकेत, संवाददाता




जहांगीरगंज। आयुष्मान भारत योजना के कथित दुरुपयोग और फर्जी क्लेम की शिकायत अब जांच के दायरे में है। शिकायत के तीसरे दिन भी पुलिस ने FIR दर्ज नहीं की। पुलिस ने आरोपी बताए जा रहे अमिनुद्दीन को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। उधर, स्वास्थ्य विभाग ने शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। जांच में यह पता लगाने पर जोर रहेगा कि आयुष्मान कार्ड से जिन उपचारों के नाम पर क्लेम किए गए, उनमें संबंधित लाभार्थियों का वास्तव में इलाज हुआ था या नहीं।

जांच टीम संबंधित लाभार्थियों से सीधे संपर्क कर उनका सत्यापन करेगी। उनसे अस्पताल में भर्ती होने, उपचार और इलाज की अवधि के बारे में जानकारी ली जाएगी।

इसके बाद लाभार्थियों के बयान का अस्पताल में उपलब्ध रिकॉर्ड से मिलान किया जाएगा। इससे क्लेम और वास्तविक उपचार के बीच स्थिति स्पष्ट करने में मदद मिलेगी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि कुछ आयुष्मान कार्ड धारकों को मामूली रकम देने का लालच देकर निजी अस्पताल ले जाया जाता था। इसके बाद उनके कार्ड से उपचार के नाम पर हजारों रुपये के क्लेम किए जाने की आशंका जताई गई है। शिकायत में कथित बिचौलियों और निजी अस्पताल से जुड़े लोगों की भूमिका की भी जांच की मांग की गई है।

### अस्पताल की फाइल और क्लेम रिकॉर्ड होंगे आमने-सामने

जांच में अस्पताल के भर्ती रजिस्टर, डिस्चार्ज दस्तावेज, उपचार से जुड़े कागजात, जांच रिपोर्ट और बिल-वाउचर की पड़ताल की जाएगी। इन रिकॉर्ड का आयुष्मान योजना के पोर्टल पर दर्ज क्लेम से मिलान किया जाएगा। जांच में यह भी देखा जाएगा कि संबंधित लाभार्थी के नाम पर कितना क्लेम दर्ज हुआ और उसके समर्थन में अस्पताल के पास क्या रिकॉर्ड उपलब्ध है।

## सरयू का जलस्तर खतरे के निशान से 11 सेंटीमीटर ऊपर

### चार गांवों के पास पहुंचा बाढ़ का पानी, धर्मशाला में भी घुसा

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। सरयू नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे मांझा इलाके में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। सोमवार शाम नदी का जलस्तर 85.58 मीटर दर्ज किया गया था। मंगलवार सुबह इसमें नौ सेंटीमीटर की और बढ़ोतरी हुई। नदी अब खतरे के निशान 85.56 मीटर से 11 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। जलस्तर बढ़ने से मांझा कम्हरिया और आराजी देवारा क्षेत्र के चार गांवों के पास बाढ़ का पानी पहुंच गया है। कम्हरिया घाट के किनारे बनी धर्मशाला में भी पानी घुस गया है। ग्रामीणों के अनुसार, खेतों में पानी भरने से धान की फसल डूबने लगी है। गन्ने के खेत भी पानी की चपेट में आ रहे हैं। आराजी देवारा के हंसू का पूरा गांव के लोगों ने बताया कि सरयू का पानी लगातार बढ़ रहा है। बाढ़ की आशंका को देखते हुए तहसील प्रशासन ने बरोही पांडेय का पूरा में बने बाढ़ शरणालय को चालू कर दिया है। आलापुर तहसील क्षेत्र की आठ बाढ़ चौकियों को भी सक्रिय किया गया है।

मांझा इलाके में चार सरकारी और सात निजी नावें लगाई गई हैं। 30 गोताखोरों को भी तैनात किया गया है। राजस्व टीमों को बाढ़ प्रभावित और संवेदनशील इलाकों की निगरानी में लगाया गया है।

तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव ने बताया कि नदी का जलस्तर बढ़ा है। प्रशासन सतर्क है और संवेदनशील इलाकों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## दक्षिणपंथी पार्टी ने विरोध किया, कहा- ऐतिहासिक इमारत पर विदेशी झंडा क्यों

# ब्रिटेन के किले पर पाकिस्तान का झंडा फहराने पर विवाद

**विरोध**

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन के वेल्स में कार्डिफ कैसल (किले) पर पाकिस्तान का झंडा फहराने को लेकर विवाद हो गया है। दक्षिणपंथी रिफॉर्म UK पार्टी ने इसका विरोध किया है।

BBC की रिपोर्ट के मुताबिक रिफॉर्म के सीनियर नेता रॉबर्ट जेनरिक ने सोशल मीडिया पर कार्डिफ कैसल पर पाकिस्तानी झंडा फहराए जाने का वीडियो शेयर किया। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक इमारतों पर विदेशी झंडे फहराया जाना बंद होना चाहिए।



14 अगस्त 2024 को पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस पर कार्डिफ कैसल पर पाकिस्तानी झंडा फहराया गया था। यह तस्वीर एक BBC पत्रकार ने पोस्ट की थी।

ब्रिटेन की राजनीति में करीब 100 साल से लेबर और कंजरवेटिव पार्टी का दबदबा रहा है। लेकिन अब नाइजल फराज की दक्षिणपंथी पार्टी रिफॉर्म UK इस तस्वीर को बदलती दिख रही है। कई सर्वे में पार्टी को करीब 35% लोगों का समर्थन मिल रहा है और वह बाकी पार्टियों से आगे है। रिफॉर्म UK की पकड़ अब सिर्फ इंग्लैंड तक नहीं है। वेल्स और स्कॉटलैंड में भी उसका समर्थन बढ़ रहा है।

इसका सबसे बड़ा नुकसान कंजरवेटिव पार्टी को हो रहा है। कंजरवेटिव लंबे समय से ब्रिटेन की मुख्य दक्षिणपंथी पार्टी रही है। लेकिन 2024 के चुनाव में उसे बड़ी हार मिली और वह सत्ता से बाहर हो गई।

### कार्डिफ काउंसिल ने कहा- भारत का झंडा भी फहराया था

कार्डिफ काउंसिल के लेबर नेता क्रिस वीवर ने कहा कि 14 अगस्त को पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराने का मकसद कार्डिफ में रहने वाले पाकिस्तानी समुदाय के योगदान को सम्मान देना था। क्रिस वीवर ने बताया कि 15 अगस्त को भारत के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारतीय झंडा भी फहराया गया था। काउंसिल के मुताबिक 9 अगस्त को भी एक कार्यक्रम में पाकिस्तानी झंडा फहराया गया था और वह रातभर लगा रहा।

### कंजरवेटिव नेता बोलीं- यह सम्मान है, कब्जा नहीं

वेल्श कंजरवेटिव सांसद नताशा असगर ने रिफॉर्म के विरोध की आलोचना करते हुए कहा कि वह पाकिस्तानी, भारतीय और पोलिश समुदायों के झंडा फहराने के कार्यक्रमों में शामिल हो चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम किसी समुदाय का कब्जा नहीं, बल्कि एक-दूसरे के प्रति सम्मान दिखाने का तरीका हैं।



ब्रिटेन की रिफॉर्म UK पार्टी के नेता नाइजल फराज 5 सितंबर को बर्मिंघम में पार्टी के कार्यक्रम के दौरान।

> पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता की बड़ी वजह इमिग्रेशन और महंगाई हैं। फराज लगातार उन लोगों का मुद्दा उठाते हैं, जो छोटी नावों से इंग्लिश चैनल पार करके ब्रिटेन पहुंचते हैं और शरण मांगते हैं। रिफॉर्म यूके का कहना है कि बड़ी पार्टियां इमिग्रेशन को रोकने में नाकाम रही हैं।

## ईपीएफओ-पोर्टल पर गलत एग्जिट डेट से अटक सकता है पीएफ -ट्रांसफर

**नई दिल्ली, एजेंसी**




जब आप नौकरी छोड़ते हैं, तो आपकी पुरानी कंपनी को EPFO पोर्टल पर आपकी एग्जिट डेट यानी जॉब छोड़ने की तारीख दर्ज करनी होती है। अगर यह तारीख दर्ज नहीं है या गलत दर्ज हो गई है, तो नए एम्प्लॉयर के पास पीएफ ट्रांसफर अटक सकता है।

इसके अलावा नई कंपनी में बैकग्राउंड वेरिफिकेशन यानी BGV के दौरान भी आपकी नौकरी की तारीखों को लेकर सवाल उठ सकते हैं। अच्छी बात यह है कि इस गलती को सुधारने के लिए कर्मचारियों को हमेशा अपनी पुरानी कंपनी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता।

एम्पलाइज प्रॉविडेंट फंड ऑर्गना-इजेशन अपने UAN-लिंक्ड मेंबर पोर्टल पर एग्जिट डेट खुद अपडेट करने की ऑनलाइन सुविधा देता है।

अगर किसी तकनीकी कारण से पोर्टल आपको ऑनलाइन एग्जिट डेट अपडेट करने की अनुमति नहीं देता है, तो आपको अपने पुराने एम्प्लॉयर से संपर्क करना होगा।

यदि कंपनी कई दिनों या हफ्तों तक आपकी बात नहीं सुनती है या मदद करने से इनकार करती है, तो आप EPFO के शिकायत पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

EPFO रिकॉर्ड्स में दर्ज एग्जिट डेट आपके एम्प्लॉयमेंट और सर्विस रिकॉर्ड का बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। पीएफ ट्रांसफर और विड्रॉलः नई नौकरी में जाने पर पुराना पीएफ बैलेंस नए खाते में ट्रांसफर करने के लिए सही एग्जिट डेट होना अनिवार्य है। इससे बाद में पीएफ का पैसा निकालना भी आसान हो जाता है।

ओवरलैपिंग और BGV की समस्याः अगर आपकी एग्जिट डेट गलत है या पोर्टल पर दर्ज नहीं है, तो आपकी पुरानी और नई नौकरी की तारीखों में ओवरलैपिंग यानी एक ही समय में दो जगह काम करना दिख सकता है।

**फास्ट न्यूज**

### आधार-कार्ड खराब होने या खोने पर न हों परेशान

नई दिल्ली। आधार कार्ड एक महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट है। ऐसे में इसके गुम या खराब हो जाने पर आपके कई जरूरी काम रुक सकते हैं। इस कारण आधार जारी करने वाली UIDAI लोगों को PVC आधार ऑनलाइन ऑर्डर करने की सुविधा देता है। UIDAI के अनुसार इसकी आधिकारिक वेबसाइट के जरिए केवल 75 रुपए का फीस देकर PVC आधार कार्ड ऑर्डर किया जा सकता है।

### 'आईफ़ोन' दूसरी कंपनी का था, फिर एपल को कैसे मिला

नई दिल्ली। एपल का लॉन्चिंग इवेंट कल यानी बुधवार देर रात होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी इसमें आईफोन 18 प्रो, प्रो मैक्स और अल्ट्रा लॉन्च कर सकती है। लेकिन नए आईफोन से पहले जानते हैं उस नाम और फोन की कहानी, जिसने करीब दो दशक में मोबाइल की दुनिया बदल दी।

आपको जानकर हैरानी होगी कि आईफोन नाम शुरू में एपल का था ही नहीं। अमेरिकी नेटवर्किंग कंपनी सिस्को के पास इस नाम का ट्रेडमार्क था। एपल के आईफोन लॉन्च करने के बाद सिस्को ने कंपनी के खिलाफ केस भी किया।

### सैमसंग इंडिया में टीवी-होम अप्लायंसेज डिवीजन से छंटनी शुरू

नई दिल्ली । लागत में बढ़ोतरी और सुस्त बिक्री की दोहरी मार झेल रही इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज सैमसंग इंडिया ने भारत में नौकरियों में कटौती की प्रोसेस शुरू कर दी है। कंपनी अपने टेलीविजन और होम अप्लायंसेज बिजनेस से अधिकारियों और कर्मचारियों की छंटनी कर रही है।

## फ्रांस- हिंदू संगठन के दौरे के बाद एफिल टावर बंद

### महिला कर्मचारियों को काम से हटाने का आरोप

**पेरिस, एजेंसी**



फ्रांस की राजधानी पेरिस में मशहूर एफिल टावर सोमवार को कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बंद रहा। मामला शनिवार को हिंदू संगठन बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (BAPS) के करीब 100 सदस्यों के दौरे से जुड़ा है। आरोप है कि BAPS प्रतिनिधिमंडल के आने से पहले कुछ महिला कर्मचारियों को अपनी जगह से हटने के लिए कहा गया, ताकि वहां पुरुष कर्मचारियों को तैनात किया जा सके। इस घटना से महिला कर्मचारी आहत हुईं। उन्हें यह अपमानजनक लगा। मामला बढ़ने के बाद सोमवार को कर्मचारियों ने बैठक की और मैनेजमेंट से बातचीत की।

बात न बनने पर कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। इसके चलते एफिल टावर को बंद रखना पड़ा। बाद में एफिल टावर के मैनेजमेंट ने भी माना कि उसे ऐसा अनुरोध मानना ही नहीं चाहिए था।

BAPS ने कहा कि करीब 100 लोगों के एफिल टावर दौरे की योजना संगठन और टावर के मैनेजमेंट ने मिलकर बनाई थी। दौरे का समय भी इस तरह तय किया गया था, ताकि दूसरे पर्यटकों को कम से कम परेशानी हो। संगठन के मुताबिक, उसकी जानकारी में किसी को भी एफिल टावर में प्रवेश करने से नहीं रोका गया।

## चांदी 2,406 बढ़कर 2.34 लाख किलो पर पहुंची

### 10 ग्राम सोना 606 महंगा होकर 1.53 लाख का हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सोने-चांदी के दाम में आज यानी 8 सितंबर को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 606 रुपए बढ़कर 1.53 लाख रुपए पर पहुंच गई है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत आज 2,406 रुपए बढ़कर 2.34 लाख रुपए हो गई है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 19 हजार रुपए महंगा हो चुका है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.53 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.34 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें: हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- AZ4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है।

कीमत क्रॉस चेक करें: सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

### बलूच हमलों से अमेरिकी कंपनी का काम बंद ■ मुनीर ने वॉशिंगटन में दिखाए थे सैंपल

# ट्रम्प को रेयर -अर्थ मिनरल नहीं भेज पा रहा पाकिस्तान

**लंदन, एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का ड्रीम प्रोजेक्ट अटक गया है। पाकिस्तान से रेयर अर्थ मिनरल (दुर्लभ खनिज) की अगस्त में प्रस्तावित खेप अमेरिका नहीं भेजी जा सकी। इसके बाद कराची और इस्लामाबाद में अमेरिकी कंपनी यूएस स्ट्रेटेजिक मेटल्स (USSM) के दफ्तरों में काम बंद हो गया है।

पाकिस्तान में रेअर अर्थ मिनरल की ज्यादातर खदानें बलूचिस्तान प्रांत में हैं। इन इलाकों में विद्रोही संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (BLA) का दबदबा है। बलूच हमलों से अमेरिकी कंपनी के लिए काम करना मुश्किल हो गया है। विद्रोहियों ने चागई जिले में रेको दिक खदान तक जाने वाली सड़कों को जाम कर दिया है। रेको दिक में कनाडा की कंपनी बैरिक गोल्ड भी खनन का काम कर रही है। बलूच विद्रोहियों के लगातार हमलों के कारण कंपनी के लिए यहां काम जारी रखना मुश्किल हो गया है। ऐसे में उसके भी काम बंद करने और निवेश से पीछे हटने की आशंका है।




## कनाडाई बॉम्बार्डियर प्लेन अमेरिका में नहीं बिकेंगे : ट्रम्प

### कहा- हमारे बाजार चाहिए तो यहीं बनाओ

**वॉशिंगटन, एजेंसी**




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा की विमान कंपनी बॉम्बार्डियर को अमेरिका में विमान बेचने से रोकने की धमकी दी है।

ट्रम्प ने कहा कि अगर बॉम्बार्डियर को हमारे बाजार में कारोबार करना है तो उसे विमान अमेरिका में ही बनाने होंगे। उन्होंने कहा कि कनाडा अमेरिका के बाजार का गलत फायदा उठा रहा है। ट्रम्प की धमकी ऐसे समय पर आई है जब कनाडा ने अमेरिका के 20 अरब डॉलर के सामान पर जवाबी टैरिफ लागू कर दिया है। ट्रम्प ने सोमवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा,अमेरिका में बॉम्बार्डियर विमान की बिक्री अब नहीं होगी। अमेरिका बॉम्बार्डियर कंपनी के लिए बेहद अहम बाजार है। आधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक 2025 में बॉम्बार्डियर की कुल आय 9.55 अरब डॉलर रही। इस कमाई का बड़ा हिस्सा अमेरिका से आता है लेकिन रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि कमाई का 50 प्रतिशत अमेरिका में किए गए कारोबार से आया। ट्रम्प की धमकी के बाद बॉम्बार्डियर कंपनी ने कहा कि उसका अमेरिका में बड़ा कारोबार है और इससे वहां हजारों लोगों को नौकरी मिलती है। कंपनी ने बताया कि उसकी सप्लाई चेन में अमेरिका के 47 राज्यों की करीब 2,800 कंपनियां शामिल हैं। बॉम्बार्डियर ने यह भी कहा कि उसके विमानों में अमेरिका में बने इंजन, एवियोनिक्स और कई दूसरे अहम उपकरण इस्तेमाल होते हैं।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96